तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025


13 धमतरी के खिलाड़ियों ने जीते कांस्य पदक



14 सावन शिवरात्रि पर घर-घर हुई पार्थिव शिवलिंग की पूजा






काम्पटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc BCA सीमित सीटें सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स
PGDCA
DCA
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082


## अनेदखी के चलते गोठान दलदल में तब्दील, कीचड़ में खड़े होते हैं मवेशी

# जिले के ज्यादातर गोठान बांट रहे बीमारी

**केस 1**

ग्राम पंचायत खपरी के गोठान में न तो पानी की व्यवस्था और न ही चारे की। स्थिति यह है कि यहां पर चारों ओर कीचड़ पसरा हुआ है। गंदगी के चलते आसपास रहने वाले ग्रामीण दुर्गंध से बेहाल हैं। गायों को चराने वाले चरवाहे भी गंदगी और कीचड़ से परेशान हैं।

**केस 2**

ग्राम पंचायत तेलीनसत्ती में बस्ती से लगा हुआ गोठान है। इस गोठान में भी पानी और कीचड़ भरा हुआ है। गंदगी से मवेशियों में बीमारी का खतरा बना हुआ है। सुबह से शाम तक मवेशी इसी कीचड़ में बैठे रहते हैं।






### बीमारी का बढ़ा खतरा

एक दो ग्राम पंचायत को छोड़कर बाकी सभी ग्राम पंचायतों में गोठान बनाए गए हैं। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 360 गोठान हैं। ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत की जिम्मेदारी है कि इन गोठानों को अपडेट रखे लेकिन काफी समय से इन गोठानों में कोई भी काम नहीं किया गया है। इन गोठनों के लिए अलग से फंड भी नहीं दिया जाता है। गंदगी के चलते अब इन गोठानों में मवेशियों सहित आसपास रहने वालों में बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

### गोठानों में चारा की कमी

सामुदायिक सहभागिता से इन गोठानों में चारा की व्यवस्था की जाती थी। इस साल रबी फसल में चारा इकठ्ठा करने का वक्त ही नहीं मिला। धान कटाई के दौरान ही बारिश शुरू हो गई थी। अधिकांश किसानों ने हार्वेस्टर से कटाई करवाई थी, जिसके चलते खेतों में पैरा खराब हो गया। ग्रामीण अपने घर के मवेशियों के लिए चारा जमा नहीं कर पाए हैं। ऐसे में गोठान के साथ घरों में भी चारा की कमी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गोठानों की स्थिति दिन ब दिन खराब होती जा रही है। अब तो इस ओर देखने वाला कोई नहीं है, जिसके चलते गोठानों में चारा पानी सहित अन्य सुविधाओं की कमी है। सबसे ज्यादा समस्या गंदगी की है। समतलीकरण नहीं होने से अधिकांश गोठानों में बारिश का पानी भर जाता है। यहां पर दिनभर मवेशी खड़े रहते हैं, जिसके कारण पूरा गोठान कीचड़ से भर जाता है।

मवेशियों को स्वस्थ और पशुपालकों को समृद्ध बनाने के लिए डेवलप किए गए गोठान अब बीमारी बांटने का केंद्र बन गए हैं। अनदेखी के चलते इन गोठानों की स्थिति काफी खराब हो गई है। लंबे समय से यहां पर कोई डेवलपमेंट नहीं किया गया है। यही नहीं मरम्मत और मेंटनेंस भी नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते धीरे-धीरे ये गोठान दलदल में तब्दील होते जा रहे हैं। कई गोठानों में स्थिति यह है कि मवेशियों के खड़े होने के लिए सूखी जगह ही नहीं बची है। पूरा गोठान कीचड़ से भरा हुआ है। बारिश के कारण गांव में भी चारागाह की कमी है। खेत खलिहान में फसल लगाई जा रही है, मजबूरी में चरवाहे इन्हीं गोठानों में मवेशियों को खड़ा रखते हैं।

# हनुमान मंदिर का सामान बाहर फेंकने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

- आरोपी को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



हनुमान मंदिर के सामान को बाहर फेंकने वाले युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शहर के बस्तर रोड में चोलामण्डलम आफिस के पास हनुमानजी का मंदिर है। 21 जुलाई की देर रात्रि भगवान हनुमान जी के सामान को क्षतिग्रस्त कर सड़क पर फेंककर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की गंभीर घटना सामने आई थी। रात्रि 2 से 2.30 बजे के बीच प्रार्थी अपने साथी आकाश यादव, चित्रांश चापले व बिरजू यादव के साथ कांवर यात्रा के लिये रूद्रेश्वर महादेव जाने मोटरसाइकिल से निकल रहा था। इसी दौरान युवकों को मंदिर के पास यह आपत्तिजनक कृत्य दिखाई दिया। घटना की जानकारी होते ही एसपी ने कोतवाली पुलिस को मौके पर पहुंच रिपोर्ट करने निर्देशित किया। कोतवाली प्रभारी ने तत्काल अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 298 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज, घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के बयान और जप्त सामग्री के आधार पर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त कृत्य अरूण पटेल द्वारा किया गया है जो वर्तमान में बनियापारा के यादव बाड़ा में रहता है। सूचना पर पुलिस टीम उसके निवास में पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी अरूण पटेल पिता आशाराम उम्र 29 वर्ष मूल निवास ग्राम डाही भाठापारा थाना कुरूद व वर्तमान बनियापारा यादव बाड़ा धमतरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### 900 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप 28 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा कुल 900 पदों पर भर्ती के लिए 28 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत नगरी में सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा सिक्युरिटी गार्ड, सिक्युरिटी सुपरवाईजर, लेबर, बीमा सखी, ग्रामीण कैरियर एजेंट, शहरी कैरियर एजेंट, सामान्य एजेंट आदि की भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

### पीईटी-पीएमटी कोचिंग की तैयारी के लिए आवेदन 11 अगस्त तक

**धमतरी।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण 100 विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी को लिए कोचिंग दी जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जो बारहवीं में जीव विज्ञान एवं गणित विषय के साथ कम से कम 70 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण और जो ड्रॉप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं वे 11 अगस्त तक आवेदन कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास विभाग में जमा कर सकते हैं।

### कालसर्प दोष शांति पूजन 29 को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद के तत्वावधान में इस वर्ष भी महानदी किनारे रूद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण रूद्री धमतरी में 29 जुलाई को कालसर्प दोष शांति पूजन यज्ञ अनुष्ठान होगा। परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक शास्त्री ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नागों की विशेष पूजा से दोष से मुक्ति पाई जा सकती है। मीडिया प्रभारी पं. राजकुमार तिवारी ने बताया की जिसकी कुंडली में यह लक्षण है। वह गणेश मंदिर मठ मंदिर चौक धमतरी में पंडित होमनप्रसाद शास्त्री के पास पंजीयन करा सकते हैं।

### श्रम पंजीयन शिविर 1 से 14 अगस्त तक

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निर्माण स्थलों और ग्राम पंचायतों में श्रमिकों के पंजीयन के लिए लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 1 से 14 अगस्त को श्रम पंजीयन शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए श्रम पदाधिकारी ने अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि एक अगस्त को धमतरी के भवन निर्माण कार्यस्थल बालाजी कालोनी, 4 अगस्त को कुरूद के भेलवाकूदा, 5 को मगरलोड के भवन निर्माण कार्यस्थल धौराभाठा (नवा), 6 को नगरी के बस स्टैण्ड के पास चुरियारापारा में श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 7 को धमतरी के भवन निर्माण कार्य स्थल जोधापुर, 8 को कुरूद के जीजामगांव, 11 को मगरलोड के ग्राम पंचायत करेली छोटी स्थित नाली निर्माण कार्यस्थल, 12 को धमतरी के ग्राम पंचायत भानपुरी में भवन निर्माण कार्यस्थल, 13 को कुरूद के भखारा स्थित मेन रोड में कॉम्पलेक्स निर्माण कार्यस्थल और 14 अगस्त को मगरलोड के तेन्दूभाठा स्थित भवन निर्माण कार्यस्थल में श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

# नशे में हुल्लड़बाजी कर बाइक चला रहे दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नशे की हालत में हुल्लड़बाजी करते हुए बाइक चला रहे दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार की रात्रि शहर के रत्नाबांधा चौक के पास दो युवक नशे की हालत में बाइक को तेज रफ्तार से चलाते हुए हुल्लड़बाजी कर रहे थे। एसपी के निर्देश पर मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बाइक सवार युवकों को रोक हिरासत में लिया। दोनों का तत्काल मेडिकल परीक्षण कराया गया। जांच में दोनों युवकों के नशे में होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम कमलकुमार पिता विजय उम्र 29 वर्ष व जावेद खान पिता लतीफ उम्र 25 वर्ष दोनों पीजी कालेज मोड़ रत्नाबांधा निवासी बताया। पुलिस ने बाइक को जब्त कर उनके विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थान में अशांति फैलाने व शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका को ध्यान में रखते हुए आरोपी कमलकुमार व जावेद खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 170/126, 135/3 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

# डीआरजी के जवान पर चार भालुओं ने किया हमला, घायल

- जंगल में सर्चिंग पर निकली थी पुलिस पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सर्चिंग पर निकली डीआरजी टीम के एक जवान पर चार भालुओं ने हमला कर उसे घायल कर दिया है। घायल जवान का गरियाबंद के जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

नगरी ब्लॉक का कुछ क्षेत्र नक्सली प्रभावित है जिसके कारण इन स्थानों को अंति संवेदनशील माना जाता है। गरियाबंद जिले की डीआरजी टीम सर्चिंग के लिये जंगल में निकली थी। टीम खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम फरसगांव व बिरनासिल्ली के जंगल में सर्चिंग करने पहुंची थी। टीम में टीकाराम ध्रुव भी शामिल था। इसी दौरान चार भालुओं ने जवान पर अचानक हमला कर दिया। एक नर, एक मादा व दो शावक भालुओं ने जवानों के दोनों हाथ व दोनों पैर को अपने दांतों से काटकर घायल कर दिया। भालुओं से घिरे जवान को देख साथी जवान शोरगुल कर मदद के लिये पहुंचे। इसके बाद भालू जवान को छोड़कर जंगल में भाग गये। साथी जवानों ने घायल जवान टीकाराम को किसी तरह जंगल से निकाल उपचार के लिये नगरी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर डीआर सोम ने मीडिया को बताया कि घायल जवान को उसके साथियों ने उपचार के लिये अस्पताल लाया है। उसके साथियों ने बताया कि जवान पर चार भालुओं ने हमला किया है। भालू के हमले में जवान के हाथ की हड्डी टूट जाने की आशंका है। घायल जवान का गरियाबंद के जिला अस्पताल में इलाज के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर किया गया है।

# पुलिस ने होटल, लॉज व ढाबों की चेकिंग की

- संदिग्ध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए चलाया गया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थित होटल, लाज, ढाबों एवं विश्राम गृह की देर रात आकस्मिक चेकिंग की।

जिले में सार्वजनिक सुरक्षा, असामाजिक तत्वों की निगरानी एवं अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से जिले के सभी थाना क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने मुख्य रूप से लाज व होटल में रुकने वाले व्यक्तियों का वैध पहचान पत्र व रजिस्टर में नाम की एंट्री, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति को चेक किया। किसी व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्तता, ढाबा में रात्रि विश्राम करने वाले वाहन चालकों व अन्य व्यक्तियों की जानकारी व संचालकों को आसमाजिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने जागरूक किया गया। सभी थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर यह अभियान चलाया गया। थानों की टीम ने संवेदनशील स्थानों को प्राथमिकता देते हुए गहन चेकिंग की। उल्लेखनीय है कि एसपी ने पूर्व में सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित होटल, लाज एवं ढाबों की समय-समय पर सतत निगरानी रखते हुए चेकिंग करने निर्देशित किया था।

### संचालकों को दिए निर्देश

चेकिंग अभियान के दौरान होटल, लाज व ढाबों के संचालक को बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को नहीं रूकने देने, सीसीटीवी कैमरे हर हालत में चालू रखने, आगंतुक रजिस्टर का नियमित रूप से संधारण करने के निर्देश दिए गए।

### लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता : एसपी

एसपी सूरजसिंह परिसहर ने कहा है कि जनमानस की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। होटल, लाज व ढाबों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर आपराधिक गतिविधियों की संभावना को रोकने के लिए यह चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। एसपी ने आमजनों से सजग रहने व किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की पुलिस को तत्काल सूचना देने की अपील की है।

## विद्यार्थियों की द्वितीय काउंसिलिंग 28 को

**धमतरी।** शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाईट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर अपलोड की गई है। प्रतीक्षा सूची में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार द्वितीय काउंसिलिंग 28 जुलाई को राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह, अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालिका, अनुसूचित जाति बालक और बालिका और अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग बालक एवं बालिका की काउंसिलिंग सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगी।

# जंगल में मिला महिला का कंकाल, हुई शिनाख्ति

- एक माह पहले थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज हुई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



एक माह पहले गुमशुदा महिला का कंकाल बोराई थाना से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर जंगल में मिलने से गांव में दहशत का माहौल है। कंकाल में लिपटे कपड़ों से परिजनों ने लापता महिला के कंकाल की शिनाख्त की। समाजसेवी सन्नी छाजेड़ ने बोराई पुलिस पर महिला को ढूंढने में लापरवाही का आरोप लगाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बोराई निवासी लगभग 50 वर्षीय महिला बसंता नेताम पिछले एक माह से लापता थी। बताया जाता है कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। गुमशुदा महिला की रिपोर्ट बोराई थाने में परिजनों द्वारा की गई थी। थाने से मात्र दो किलोमीटर की दूरी में जंगल में मानव कंकाल होने की जानकारी चरवाहों ने पुलिस को दी। पुलिस ने कंकाल को बरामद किया। काफी पुराना होने के कारण शव का पीएम नगरी में नहीं हुआ। पीएम के लिए रायपुर भेजा गया है।

## मत्स्य महासंघ करेगा लीज राशि की वसूली

# गंगरेल जलाशय में मछली लीज ठेकेदार ने किया डेढ़ करोड़ का गबन

- मत्स्याखेट बंद होने से मछुआरे हुए बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गंगरेल बांध को लीज में लेने वाले ठेकेदार की मनमानी से मछुआरा समितियों में भारी आक्रोश है। डेढ़ करोड़ रूपये की बकाया राशि जमा नहीं करने के मामले में अनुबंध समाप्त होने के बाद भी ठेकेदार बेखौफ मछली मारने का काम कर रहा है। आक्रोशित मछुआरों ने मछुआ सहकारी समितियों को पूर्व की भांति लीज पर पट्टा देने की मांग मत्स्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा से की है।

छग राज्य सहकारी मत्स्य महासंघ मर्या. ने 16 अप्रैल 2025 को गंगरेल जलाशय के अनुबंधकर्ता नरहरपुर निवासी गोपाल कृष्ण साहू को नोटिस जारी कर कहा है कि 19 नवम्बर 2024 की आयोजित बैठक में लीज की राशि जमा करने की सहमति दी थी लेकिन 30 मार्च 2025 तक किसी प्रकार की राशि जमा नहीं की गई। 30 अप्रैल की स्थिति में लीज की राशि 1.16 करोड़ विलंब शुल्क राशि 32 लाख 63 हजार 537 रूपये तथा मत्स्य लीज विक्रय राशि 4.75 लाख कुल 1 करोड़ 53 लाख 43 हजार 537 जमा नहीं कर अनुबंध की धारा का उल्लंघन किया जा रहा है। मत्स्य संघ ने पुनः एक अवसर प्रदान करते हुए बकाया लीज राशि जमा करने 10 अप्रैल 2025 का समय दिया था लेकिन राशि जमा नहीं की गई। अब जमा प्रतिभूति राशि राजसात करने के साथ राशि वसूली की कार्रवाई की जाएगी। मछुआरों ने बताया कि लीज समाप्त होने के बाद भी ठेकेदार मछली मारने का काम लगातार कर रहा है जिससे मछुआरा समितियों में आक्रोश है। उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### स्थानीय समितियों को लीज पर देने की मांग

स्थानीय मछुआरा समिति के कामता प्रसाद निषाद, जोहन नेताम, सुरेश मरकाम, रोहित निषाद, दयाराम निषाद आदि ने मत्स्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा को कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपकर कहा है कि गंगरेल जलाशय में 52 गांव डूब में शामिल है। लगभग 6935 हेक्टेयर भूमि डूबी हुई है। इस क्षेत्र में 85 प्रतिशत गोंड़ कमार अन्य जनजाति तथा 15 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग निवासरत हैं। इस क्षेत्र के लोग मत्स्य सहकारी समितियों के रूप में पंजीकृत हैं जिससे 5000 परिवार जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा है कि 5 अगस्त 2022 से पहले क्षेत्र की 11 समितियां गंगरेल जलाशय में 17 साल तक मछली पालन का कार्य करती थी। समय पर नियमतः लीज की राशि जमा करती थी। वर्तमान में 16 अप्रैल 2025 से गंगरेल जलाशय में मत्स्याखेट पूर्ण रूप से बंद है जिससे मछुआरों पर बेरोजगारी की स्थिति निर्मित हो गई है। स्थानीय 11 मछुआ समितियों को 10 वर्ष की लीज पर देने की मांग की है।

## कुरुद में 1 अगस्त को युवा उद्यमी एवं स्टार्ट अप सम्मेलन



**धमतरी।** जिले में नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने जिला प्रशासन द्वारा उद्यम से विकास तक कार्यशाला श्रृंखला के अंतर्गत अगला सत्र 1 अगस्त को कुरुद में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं और नवाचार में रुचि रखने वालों को स्टार्ट अप्स और व्यवसाय के अवसरों से जोड़ना है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के विद्यार्थियों, युवाओं, महिला उद्यमियों एवं इच्छुक नागरिकों से सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।


पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**



## पूर्व सैनिक 25 एवं 26 को मनाएंगे कारगिल विजय दिवस

**जीजामगांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला रायपुर के तत्वावधान में 25 एवं 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा। प्रथम दिवस 25 जुलाई को प्रातः 8 बजे आकाशवाणी चौक रायपुर में छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र शहीद नायक कौशल यादव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। महापौर श्रीमती मीनल चौबे द्वारा हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली का शुभारंभ किया जाएगा। बाइक रैली 25 जुलाई को प्रातः 8:30 बजे आकाशवाणी चौक से प्रारंभ होगी तथा कलेक्ट्रेट चौक, शंकर नगर चौक, मरीन ड्राइव से होते हुए शहीद स्मारक भवन में समाप्त होगी। दूसरे दिन 26 जुलाई को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा शहीद स्मारक भवन में कारगिल विजय दिवस मनाया जायेगा। इस दौरान वीर शहीदों को श्रद्धांजलि, शहीद परिवारों का सम्मान, कारगिल योद्धाओं का सम्मान, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती मीनल चौबे महापौर रायपुर करेंगी। सूबेदार गजमोहन साहू संरक्षक, खेमचंद निषाद जिला अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष विजय डागा ने उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी संगठन के प्रांतीय सचिव नायक योगेश साहू ने दी है।

### ब्लॉक के स्कूलों में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

# कई स्कूलों में छात्र कम तो शिक्षक अधिक, कहीं सौ से ज्यादा बच्चों को पढ़ा रहे सिर्फ दो शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के कई शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी सामने आई है। एक ओर कई प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की संख्या बेहद कम है लेकिन दो-दो शिक्षक पदस्थ हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ स्कूलों में 80 से 126 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई केवल दो शिक्षकों के भरोसे हो रही है।

प्रायोगिक प्राथमिक शाला नगरी में 126 बच्चे हैं और केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं। प्राथमिक शाला बरबाघा में 90 छात्र हैं, वहीं बेलरबाहरा पारा में 77 छात्र और देवपुर में 77 छात्र होने के बावजूद केवल दो-दो शिक्षक पदस्थ हैं। दूसरी ओर चटरीबाहरा, नाथूकोना, चारगांव, बेहड़पारा, कुर्राझर, हीरापुर, कोटाभर्री, कमारटोला और कवाचीपारा जैसे गांवों के स्कूलों में केवल 3 से 8 बच्चे हैं और वहां भी दो-दो शिक्षक पदस्थ हैं।







### माध्यमिक शालाओं में भी कमी

माध्यमिक शाला टेंगना में 8 बच्चे हैं, लेकिन 4 शिक्षक पदस्थ हैं। झुरानदी में 19 छात्र के लिए 4 शिक्षक, खल्लारी में 12 छात्र के लिए 3 शिक्षक और चंदनबाहरा में 11 छात्र के लिए 3 शिक्षक हैं। वहीं दूसरी ओर गट्टासिल्ली माध्यमिक शाला में 103 छात्र पढ़ रहे हैं लेकिन केवल 3 शिक्षक ही तैनात हैं। शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार नगरी विकासखंड की प्राथमिक शालाओं में 47 और माध्यमिक शालाओं में 52 शिक्षक पद रिक्त हैं। 99 स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है।

### पहले भी हुई तालाबंदी, नहीं मिला स्थायी समाधान

क्षेत्र के ग्रामीणों और पालकों ने कई बार शिक्षक व्यवस्था को लेकर तालाबंदी और प्रदर्शन भी किया, लेकिन अब तक किसी स्कूल में स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

### जल्द होगी भर्ती : बीईओ

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कलीराम साहू ने बताया कि शासन के मापदंड के अनुसार शिक्षकों की तैनाती की गई है, कुछ स्थानों पर शिक्षक अतिशेष हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार 52 प्राथमिक-माध्यमिक स्कूलों में सेवा प्रदाता माध्यम से शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। आने वाले दिनों में जहां कमी है, वहां शीघ्र भर्ती कर समाधान किया जाएगा।

## जपं सदस्य छग पंचायत राज अधिनियम से हुए अवगत



- ईटीसी कुरुद में नगरी क्षेत्र के जनपद सदस्यों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र कुरुद में जनपद पंचायत नगरी के 14 सदस्यों ने तीन दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम ने बताया कि प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर संस्था प्रमुख हेमंत ठाकुर, प्रशिक्षण प्रभारी वीरेंद्रसिंह ठाकुर, तुकाराम ध्रुव, उदय कामड़े, वन्दना साहू, सुमित भट्ट एवं चूड़ामणि देवांगन ने छग पंचायत राज अधिनियम, 73वां संविधान संशोधन अधिनियम, ई-गवर्नेंस, मनरेगा, नलजल योजना, पेसा कानून, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं, निर्माण कार्यों की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति, लेखा बजट, जीपीडीपी, बीपीडीपी, ओएसआर, सतत विकास 17 लक्ष्य, ग्रामों के आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय के बारे में जानकारी दी।

इस प्रशिक्षण में जनपद पंचायत नगरी के सदस्य शिवनाथ मरकाम, हनीफ अली, नंदिनी साहू, क्षमा साहू, प्रभा नेताम, पुष्पा मंडावी, पन्नालाल मरकाम, शुभम यदु, चंद्रकला साहू, प्रेमसिंह सलाम, मौसमी मंडावी, सत्यवती नेताम, कलावती मरकाम ने भाग लिया।

### राहगीरों और वाहन चालकों को हो रही परेशानी

# बीच रोड पर आराम फरमा रहे मवेशी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत क्षेत्र में आवारा मवेशियों की समस्या अब गंभीर रूप ले चुकी है। धमतरी मुख्य मार्ग डेविड ढाबा के पास, तहसील कार्यालय के पास, मेन रोड बस स्टैंड नगरी के पास, राजा बाड़ा चौक, मेन रोड गौरव पथ रोड पर वार्ड क्रमांक 08 बरगद चौक सागर रोड रानी दुर्गावती चौक के पास मवेशियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। सड़क किनारे बैठना, बीच रास्ते चलती गाड़ियों के सामने आ जाना और साथ बाजार में दुकान के बाहर कचरे में मुंह मारते मवेशी अब आम बात हो गई है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





खासतौर पर स्कूली छात्र-छात्राओं को आने-जाने में भारी परेशानी होती है। रात्रि में पशु अपना डेरा जमाकर खुलेआम बैठे रहते हैं। आवारा पशु सड़कों पर बाधा बन रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। कई दोपहिया वाहन सवार इन मवेशियों से टकराकर घायल हो चुके हैं। साथ ही कई मवेशी भी घायल हो चुके हैं। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को भी जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है। नगर पंचायत प्रशासन का रवैया उदासीन बना हुआ है। नगरवासी यह भी आरोप लगा रहे हैं कि पंचायत सिर्फ कागजों में गोवंश संरक्षण की योजनाएं चला रही हैं, जमीनी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए और संबंधित मालिकों पर सख्त जुमार्ना लगाया जाए। साथ ही नगर में गोवंश नियंत्रण के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए ताकि नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।क्या नागरिकों की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की कोई अहमियत नहीं रह गई। अब देखना होगा कि नगर पंचायत इस गंभीर समस्या पर कब तक कार्रवाई करती है। मुख्य नपा अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा मवेशियों को पकड़ने अभियान चलाया जा रहा है। आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में डाला जा रहा है। पशु मालिक का पता चलने पर उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## आजाद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

- आमदी में चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

नगर पंचायत आमदी में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने उनके अदम्य साहस व बलिदान को याद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। विधायक ओंकार साहू ने उनके वीरतापूर्ण जीवन और देशभक्ति की भावना को स्मरण करते हुए कहा कि आजाद का जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में जिस निडरता और दृढ़ता से भाग लिया, वह आज भी प्रासंगिक है।



विधायक ने आगे कहा कि उन्होंने नारा दिया दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे वह आज भी हर भारतवासी के दिल में देशभक्ति की भावना भर देता है। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज साहू, नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर, अनीता साहू, पारसमणि साहू, चितेंद्र साहू समेत नगर के वरिष्ठ नागरिक व स्कूली बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आजाद के विचारों को आत्मसात कर देश सेवा के संकल्प को दोहराया और उन्हें स्मरण किया।

## पटेल समाज ने की विधायक ओंकार साहू से मुलाकात



- सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार एवं युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पटेल समाज के लोगों ने बुधवार को विधायक ओंकार साहू से मुलाकात की। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार एवं युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। समाज के सदस्यों ने विधायक साहू को समाज में चल रहे सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा उनसे सहयोग की अपेक्षा जताई। विधायक ने पटेल समाज के विभिन्न क्षेत्र में योगदान की सराहना करते हुए अपना हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## पेंशनर्स समाज तहसील शाखा में अंकेक्षण कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी में विगत दो दिनों से तहसील शाखा के ऑडिटर्स बीएस सुरेशा और डीएस ध्रुव द्वारा वार्षिक आय-व्यय का आडिट किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष जीएस वर्मा ऑडिट कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए वर्ष भर में प्राप्त राशि और उनके व्यय की सही जानकारी देने के साथ केशबुक, फाइल बिल वाउचर्स आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पेंशनर्स समाज कोई शासकीय संस्था नहीं है। इस समाज में तहसील नगरी अंतर्गत सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारी और अधिकारी शामिल होते हैं।




सदस्यता ग्रहण करने वाले पेंशनर्स एवं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त राशि का विधिवत संकलन एवं दस्तावेजों का संधारण संबंधित कोषाध्यक्ष का होता है। वर्ष भर में होने वाले व्यय के अनुसार बिल वाउचर्स की जांच, केशबुक की जांच ऑडिटर्स द्वारा की जाती है। जांच उपरांत नए सत्र के आय व्यय की रूपरेखा निर्धारित की जाती है। इससे पारदर्शिता बनी रहती है।

ऑडिट के दौरान पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष आरएल देव, संरक्षक एएल बनपेला, संरक्षक केएस परिहार, डॉ केके सोम, केएल सिन्हा, आरएल साहू, सचिव पीआर चंद्रवंशी, जीसी साहू, जीआर माण्डले, शकुन कश्यप, बृजलाल सार्वा, एलएन दीक्षित, एसपी ग्वाले समेत अन्य पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## कूप कटाई की राशि दिलाने की मांग

### मजदूर अब जनदर्शन में करेंगे शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)

वन विभाग में कूप कटाई का कार्य प्रति वर्ष किया जाता है। इसी तारतम्य में धमतरी वन मंडल के केरेगाव के कूप नंबर 07 के कक्ष क्रमांक 177 में ग्राम सलोनी लीलर तथा भंवरमरा के दर्जनों महिला व पुरूष मजदूरों ने गर्मी के दिनों में लकड़ी की कटाई की थी। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी मजदूरी नहीं मिल पाई है। मजदूरों का कहना है कि क्षेत्रीय अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। मजदूरों ने अब जनदर्शन का सहारा लेने की बात कही है। मजदूर संघ के मनक निषाद, कैलाश कुंजाम, मानसिंग, लोमन, कुलेश, सोमन, राही कुंजाम, अशोक पडौटी, लक्ष्मी नागेश, सतरूपा, अहिल्या, भूपेन्द्र, संजू, खोमलाल, लीलू, रामचंद, अरविंद ने वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों से कूप कटाई की राशि तत्काल दिलाने की मांग की है।

## सशक्त समाज के निर्माण में रासेयो की अहम भूमिका

- पचपेड़ी में स्वयंसेवकों की अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि पचपेड़ी में प्राचार्य रवींद्र कोसरे के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई में नवीन पंजीकृत स्वयंसेवकों के अभिमुखीकरण के लिए कार्यशाला आयोजित हुई।

कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा ने स्वयंसेवकों को रासेयो की स्थापना एवं उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी ने एनएसएस इकाई के संचालन में स्वयंसेवकों से सहभागिता की अपील की। रासेयो इकाई से जुड़कर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की बात कही। विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए स्वयंसेवकों को 5 दल में विभाजित कर उनके दायित्वों से बोध कराया गया। सभी ने अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने की बात कही। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों से इकाई की सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने व संस्था के अनुशासन को बनाए रखने की अपील की।



## डांडेसरा स्कूल में हुआ न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक, नवीन प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डांडेसरा में सरपंच श्रीमती खुमेश्वरी साहू ने अपने पुत्र हेमांश साहू के जन्मदिन पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान शाला के छात्र-छात्राओं को खीर-पूड़ी परोसी गई। इस अवसर पर तीनों शाला के प्रधानपाठक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### ट्रेडिशनल योगासन इवेंट्स सब जूनियर गर्ल्स में साधना रही प्रथम

# योगासना स्पोर्ट्स सिटी लीग में 90 लड़कियों ने दिखाई प्रतिभा






हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अस्मिता खेलो इंडिया योगासना स्पोर्ट्स सिटी लीग धमतरी 2025 -26 का शुभारंभ रामू रोहरा महापौर ने किया। योगासन स्पोर्ट्स को प्रमोट करने के लिए खेल मंत्रालय भारत सरकार व योगासन भारत के निर्देशन में धमतरी योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस योगासना सिटी लीग का आयोजन किया गया। लीग के समापन के मुख्य अतिथि पीयूष तिवारी जिला खेल अधिकारी, विशिष्ट अतिथि डॉ दिनेश नाग, श्रीमती उमा देवांगन सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग थे। प्रतियोगिता में जिले के 90 से अधिक गर्ल्स ने भाग लिया। ट्रेडिशनल योगासन इवेंट्स सब जूनियर गर्ल्स में प्रथम साधना सोनकर, द्वितीय श्रद्धा, जूनियर गर्ल्स में लता, सबजूनियर गर्ल्स आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट्स में प्रथम कनिष्का गौतम, द्वितीय साधना, सीनियर गर्ल्स में प्रथम टेमेश्वरी, द्वितीय भावना रही। जूनियर गर्ल्स आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट्स में प्रथम याचना साहू, द्वितीय तामेश्वरी तृतीय रुचि साहू, सीनियर गर्ल्स आर्टिस्टिक सिंगल में प्रथम टेमेश्वरी साहू, द्वितीय निकिता, सब जूनियर गर्ल्स आर्टिस्टिक पेयर इवेंट्स में प्रथम रोशनी सेन और साधना तारक, जूनियर गर्ल्स में आर्टिस्टिक पेयर में रुचि साहू व थामेस्वरी साहू प्रथम व द्वितीय भूमिका पटेल व दिव्या मांडवी रही। सीनियर गर्ल्स आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम स्थान दीपमाला साहू व तुमेश्वरी ने प्राप्त किया। सबजूनियर गर्ल्स रिथमिक पेयर में प्रथम उर्वशी व कुमकुम, सीनियर गर्ल्स पेयर में दीपमाला व तिमेश्वरी प्रथम रही। ये सभी प्रतिभागी राज्य स्तर के लिए चयनित हुए। जो राज्य से जोन व जोन से राष्ट्रीय स्तर पर जाएंगे। इस प्रतियोगिता में टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में भरतराम साहू, हिरेंद्र साहू, उत्तरासिंह गौतम, नवीन मेश्राम, राजकुमार साहू, उमराव साहू, गोपेश्वर साहू, सेवकराम साहू, निकिता ने अपनी सेवा दी। इस दौरान धमतरी जिला योगासन स्पोर्ट्स एसो. अध्यक्ष गीतेश प्रजापति, नंदिनी देवांगन, भूपेंद्र साहू उपस्थित थे। यह जानकारी भोजेंद्र साहू सचिव जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने दी।




**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री हरीराम पिता बहुरराम साहू, सुकारो बाई पति श्री बहुर राम साहू, सुलोचनी बाई पिता आसकरण साहू एवं हेमीन बाई पिता आसकरण साहू सभी निवासी अधारी नवागांव वार्ड धमतरी से उनके स्वत्व एवं धारण की भूमि स्थित धमतरी प.ह.नं. 33 मंडल धमतरी जिसका खसरा नंबर 294/1 रकबा 0.405 हे. को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है जिसकी पंजीयन की कार्यवाही अति-शीघ्र करायी जानी है।

अतः उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा समीपस्थ भूमि स्वामी या अन्य किसी को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति करना हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के अंदर अपने आपत्ति के संबंध में अथवा अपने स्वामित्व संबंधित संपूर्ण दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को हर प्रकार के विवादों एवं भारों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजीयन करा लेवेगा।

अतः यह सूचना सद्भावना पूर्व प्रकाशित करायी जा रही है।

धमतरी
दिनांक :-23/07/2025

**एम.डी. लच्छवानी, अधिवक्ता**
**भगवती बेकरी के पास विमल टाकीज रोड बनियापारा धमतरी**

(आदेश 05 नियम 20 सी.पी.सी. के अंतर्गत)
न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी :- श्री रजत कुमार निराला, जिला-धमतरी छ.ग.)

चुनेश्वर कुमार कंवर वगै. ...वादीगण
// बनाम //
आम जनता वगै. ...प्रतिवादीगण
// ईश्तहार//

प्रोसेस क्र.-239/2025 व्य.वा.क्र.-60 अ/2025
पेशी तारीख : 11.08.2025
प्रति,
प्रतिवादी-
1. आम जनता, ग्राम पीपरछेड़ी, प.ह.नं. 16, रा.नि.मं. भोथली, तह. व जिला धमतरी छ.ग.

यह कि वादीगणों ने माननीय न्यायालय के समक्ष इस आशय का वाद पत्र प्रस्तुत किया है कि वादीगणों के पिता गिरधारी लाल कंवर S/O स्व. दाउलाल का विगत 15 वर्षों से पता नहीं चलने के कारण तथा खोजबीन का हरसंभव प्रयास करने के बावजूद नहीं मिलने के कारण तथा विगत 15 वर्षों से उनके बारे में सुने नहीं जाने के कारण गिरधारी लाल कंवर S/O स्व. दाउलाल की विधिक मृत्यु घोषित किया जावे तथा ग्राम पीपरछेड़ी प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. भोथली तह. व जिला धमतरी छ.ग. में निम्न खसरा 558/2 रकबा 0.73 हे. भूमि वादीगणों की पैतृक संपत्ति होने से प्रत्येक वादीगण का 1/3-1/3 अंश का स्वत्व है, घोषित किया जावे।

अतः इस ईश्तहार/नोटिस के द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था कंपनी को जानकारी देना हो या दावा आपत्ति करना हो तो पेशी दिनांक 11.08.2025 को हक की हैसियत के साथ अदालत में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से आज दिनांक 22.07.2025 को जारी किया जाता है।

दिनांक : 22.07.2025
**(रजत कुमार निराला)**
**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)**

## अंचल की खबरें

### डोर टू डोर कलेक्शन पर हुई चर्चा



**धमतरी।** नगर निगम में जालमपुर मणिकंचन केंद्र, हटकेशर मणिकंचन केंद्र की स्वच्छता दीदियों की बैठक हुई। बैठक में डोर टू डोर कलेक्शन के बारे में चर्चा की गई। प्रतिदिन एक घंटा वार्डों में लोगों को समझाइश देने एवं जागरूक अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

### सांकरा में किसानों को बीज का वितरण



**नगरी।** राष्ट्रीय खाद्य मिशन (दलहन) अन्तर्गत ग्राम पंचायत सांकरा में बीज का वितरण किया गया। इस मौके पर सरपंच सांकरा नागेन्द्र बोरझा, कृषि विस्तार अधिकारी सांकरा निर्मल निर्मलकर, राजू पटेल, ग्रामीण कैलाश बिसेन, धमेंद्र, बिसाहू, माखन, छवि, रामदास, दिनेश, अमृत सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### सशिमं में हुआ छात्र परिषद का गठन



**धमतरी।** छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास करने एवं विद्यालय विकास में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब धमतरी में मतदान पद्धति से छात्र परिषद के रुप में शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती, कन्या भारती के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ। निर्वाचित पदाधिकारियों का विद्यालय समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा एवं सहसचिव ईशु नाग ने रोली एवं अक्षत लगााकर सम्मानित किया। अध्यक्ष एवं सहसचिव ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

### नवकार महिला मंडल ने स्कूल को भेंट की ग्रीन चटाई



**धमतरी।** नवकार महिला मंडल ने शासकीय प्राथमिक शाला हटकेशर में बच्चों को बैठने के लिए दो नग ग्रीन चटाई भेंट की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष मिनी का कहना है कि बच्चे की यदि अच्छे से परवरिश की जाए एवं उसका ख्याल रखा जाए तो वह पढ़ाई में बहुत अच्छे से ध्यान देता है। मंडल बच्चों को जरूरत की पूर्ति करने के लिए हमेशा अग्रणी रहता है। स्कूल के टीचर ने आभार वक्त करते हुए कहा कि आपकी इस प्रेरणा से काफी बच्चे शाकाहारी बन रहे हैं और स्कूल भी डिसिप्लिन से आते हैं। बच्चे भी चटाई, टाई, बेल्ट पाकर बहुत खुश हुए। मौके पर मंडल सचिव कुसुम गोलछा, कंचन चोपड़ा, दीपा जैन, गीता मेहता, सिन्हा मैडम, उषा, उल्लास साहू, सीमा, तरुणा समेत मंडल की सभी सदस्य मौजूद थी।

### भंवरमरा में हर रविवार को मानसगान व भजन कीर्तन



**धमतरी।** सावन मास में ग्राम भंवरमरा में प्रत्येक रविवार को मानसगान व भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रज्ञापुत्र एमआर निषाद ने बताया कि मनुष्य भगवान राम के आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को सुखमय बना सकते हैं। मौके पर डोमार निषाद, पेखन साहू, राममिलन साहू, शत्रुघन निषाद, अर्जुन, खुमान निषाद समेत अन्य उपस्थित थे।

### गायत्री परिवार ने अभी तक 596 पौधे रोपे



**धमतरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ग्राम तर्रागोंदी में सूखी धरती माता करें पुकार वृक्ष लगाकर करो उपकार अभियान के तहत पौधे लगाए ग। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ कौशल प्रसाद साहू ने बताया कि मणिकंचन की बाउंड्रीवॉल के पास नीम के 130 पौधों का रोपण किया गया। नीम के अलावा काला जामुन, कटहल, बादाम के पौधे लगाए गए। विगत वर्ष 100 पौधों का रोपण किया गया था। इसी क्रम में ग्राम बड़ीकरेली में देव वृक्ष पीपल, बरगद के 60 पौधे, ताड़- नारियल एवं अन्य प्रजाति के 6 इस तरह कुल मिलाकर 124 पौधों का रोपण किया गया। ग्राम बोरझरा में 150 पौधे, भेण्डरा में 12, कुरूद में 17 पौधे, दानीटोला इकाई में 17 पौधे, भोथापारा में 126 पौधे लगाए गए। 6 जुलाई से अभी तक 596 पौधे लगाए गए हैं। गायत्री परिवार द्वारा सभी पौधों की सुरक्षा का जिम्मा लिया गया है।

### हिंदू जागरण मंच ने तेलीनसत्ती में ली युवाओं की बैठक

**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच ने ग्राम तेलीनसत्ती में युवाओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज की सुरक्षा के लिए श्रीराम के अनुज भरत, लक्ष्मण की भांति त्याग और सेवा का भाव रखकर आज की युवा पीढ़ी को सनातन समाज की रक्षा के लिए आगे आना होगा। श्री रामजी के आदर्श पर चलकर वंचित, शोषित, छोटे वर्ग की समस्याओं को अपनी समस्या मानकर सभी को साथ लेकर चलने से हिन्दू समाज की रक्षा होगी। हमें अपनी समाज की प्रत्येक पहलुओं पर विचार करना होगा। इतिहास की घटनाओं से सीख लेना होगा। अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए हमें आगे आना होगा।

### राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

# धमतरी के खिलाड़ियों ने जीते कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



वाको छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में सीनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 जुलाई तक बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों से आए लगभग 1200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग महासंघ के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, सचिव अभिषेक जैन, महासचिव आकाश गुरुदीवान, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा समेत देशभर से आए अनेक राज्य प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में धमतरी जिले का भी शानदार प्रदर्शन रहा। देवेंद्र यादव ने 51 किलो वजन वर्ग में उड़ीसा और पंजाब के खिलाड़ियों को हराते हुए कांस्य पदक जीता। दुर्गेश पटेल ने 54 किलो वजन वर्ग (रिंग फाइट) में आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को पराजित करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा तथा जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि हमारे युवा खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रदर्शन न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह प्रमाण है कि समर्पण, अनुशासन और सतत प्रयास से किसी भी ऊंचाई को छुआ जा सकता है। आने वाले समय में धमतरी के और भी खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर परचम लहराएंगे।

जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी ने कह कि धमतरी के युवा लगातार खेल के विभिन्न मंचों पर अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। यह पदक केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि जिले के समग्र खेल विकास का संकेत है। प्रशासन व खेल विभाग खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन व मार्गदर्शन देने के लिए सदैव तत्पर है। प्राचार्य बी. मैथ्यू, सहायक जिला खेल अधिकारी जगतपति देव, किक बॉक्सिंग क्लब धमतरी के उदय यादव, वीरेंद्र मीनपाल, सीताराम यादव, एवन मरकाम, हर्ष सोनकर, अर्पित सोनकर एवं यामिनी मीनपाल ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

## शिक्षक साझा मंच ने खोला मोर्चा



■ सोमवार को स्कूल में तालाबंदी, कलेक्टोरेट घेराव की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बुधवार को शिक्षक साझा मंच ने जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। घंटे भर इंतजार के बाद भी कलेक्टर से मुलाकात नहीं होने से भड़के साझा मंच ने अब सोमवार को स्कूल की तालाबंदी कर कलेक्टोरेट का घेराव करने का फैसला लिया है।

शिक्षक साझा मंच के प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने बैरिकेटड्स लगाकर बल की तैनाती की थी। पुलिस को लगा कि शिक्षक भारी भीड़ के साथ कलेक्टोरेट का घेराव करेंगे लेकिन शिक्षक साझा मंच के लोग मोटर सायकल में एक-एक कर कम्पोजिट बिल्डिंग के समक्ष एकत्रित हुए। कम्पोजिट बिल्डिंग के पास नारेबाजी की आवाज सुनकर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। साझा मंच के संचालक भूषण चंद्राकर ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के लिए शिक्षकों को कलेक्टोरेट बुलाया गया। उस वक्त कलेक्टर वीडियो कांफ्रेंस में थे। एक से डेढ़ घंटे के इंतजार के बाद जब कलेक्टर वीडियो कांफ्रेंसिंग से बाहर निकले तो साझा मंच से मुलाकात करने के बदले एडीएम से मिलने की बात कहकर चले गये। कलेक्टर के इग्नोर से साझा मंच में आक्रोश है। साझा मंच ने निर्णय लिया है कि सोमवार को स्कूल में तालाबंदी कर गांधी चौक में धरना प्रदर्शन करेंगे। वहां से पैदल मार्च करते हुए कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि शिक्षक साझा मंच ने 13 जून को सचिव शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालक, कलेक्टर तथा संभागायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में धमतरी तथा नगरी विकासखंड शिक्षाधिकारी द्वारा की गई अनियमितता की शिकायत और कार्रवाई की मांग की थी लेकिन किसी प्रकार से कार्रवाई नहीं होने से शिक्षक साझा मंच ने अब मोर्चा खोल दिया है।

## निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं आने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की प्राथमिक योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करें और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए गंभीरता एवं संवेदनशीलता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवकों को कार्यालयीन समय का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। निर्धारित समय में कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कार्य समय में ईमानदारी व तत्परता से कार्य संपादन के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कार्यपालन अभियंता (विद्युत) से योजना की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि निजी हाउसिंग सोसायटियों से संपर्क कर योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए तथा अधिकाधिक शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्रांति का प्रतीक बनकर उभर रही है। राज्य सरकार की अतिरिक्त सहायता से उपभोक्ताओं को डबल सब्सिडी का लाभ मिल रहा है, जिससे सोलर पैनल लगवाना अब अधिक सुलभ और किफायती हो गया है। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। आगामी 15 अगस्त के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित करने की योजना के तहत संबंधित विभागों को समय पर नामांकन भेजने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने पशु चिकित्सा, उद्यानिकी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग को अपने क्रियाकलापों की भी जानकारी ली।

### दंतेश्वरी हाईस्कूल में छात्र संघ का गठन, ली शपथ

**धमतरी।** मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में छात्र संघ का गठन किया गया। अध्यक्ष डिम्पल तारक, उपाध्यक्ष साक्षी साहू, कोषाध्यक्ष अनुराग नाग, केतन तिवारी, सचिव रोहिणी वर्मा, साक्षी देवांगन, अनुशासन प्रमुख विकास साहू, प्रतीक, पीयूष तारक, सादिया, सौरभ, प्रेरणा, प्रार्थना प्रमुख दीप्ति देवांगन, पीयूष यादव, धनिष्ठा मीनपाल, खेल प्रमुख देवेश साहू, तेजेस्वनी नाग, पूर्वी साहू, टकेश्वर पटेल, सांस्कृतिक प्रमुख डिम्पल तारक, रोहिणी वर्मा, कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख रूद्र मीनपाल, शैलेन्द्र ध्रुव, ईशिका, सुप्रिया, युगल, भूमिका, पीटी प्रमुख रोहिणी वर्मा, डिम्पल तारक बनाए गए। शिक्षकों के मार्गदर्शन में सभी छात्र-छात्राओं ने शपथ ली कि वे विद्यालय की गरिमा के अनुरूप कार्यों को पूरी ईमानदारी से करेंगे।

## वर्धमान स्कूल में बाल परिषद का गठन



**सांकरा।** वर्धमान पब्लिक स्कूल सांकरा माध्यम अंग्रेजी में बाल परिषद का गठन किया गया। प्रधानमंत्री हिमांशु साहू, उप प्रधानमंत्री खुशी शर्मा, अनुशासन हर्ष देवांगन, खेल एवं युवा थारिका साहू, स्वास्थ्य मंत्री कृतिका साहू, कृषि डिम्पल साहू, स्वच्छता मेघना साहू, वित्त मंत्री तनवीर ध्रुव बनाये गए। संस्था प्रमुख चंद्रशेखर साहू, श्रीमती जितेश्वरी साहू, रेणुका साहू, ममता ध्रुव, विनीता निराला, श्रीमती आंचल साहू ने बच्चों को अपने पद का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ दिलाई।

## भूमिका बनी शाउमावि सिहावा की शालानायक



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा में प्राचार्य एसआर साहू के नेतृत्व में छात्र संगठन प्रभारी वेदराम सेन द्वारा छात्र संगठन का चुनाव किया गया। शाला नायक पद हेतु 4 उम्मीदवार थे। तीन उम्मीदवार को मात देते हुए 12 वीं कला संकाय की छात्रा भूमिका पटेल शालानायक बनी। उप शालानायक भूधर ध्रुव बने। अनुशासन सचिव मयंक पटेल, क्रीड़ा सचिव रविंद्र पटेल, सांस्कृतिक सचिव सत्यम पटेल, छात्रा प्रतिनिधि नीलिमा यादव, उप छात्रा प्रतिनिधि प्राची सोम बने। प्राचार्य एसआर साहू ने चुने गए प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आप सभी शाला को अनुशासित एवं स्वच्छ बनाए रखेंगे तथा शाला परिसर में जो भी गतिविधियां होगी, उनमें सहयोग करेंगे। इस अवसर पर शिक्षक वेदराम सेन, गोविन्द नारायण साहू, हीरा मरकाम, दुष्यंत पुजारी, हरीश साहू, दिनेश यादव, हेमंत साहू, संजय शांडिल्य, पीतेश साहू, नीलकमल ठाकुर, निशा साहू, योगमाया, नीतू जैन, तिलेश्वरी अटल, योगमाया मरकाम, रश्मि यदु, पिलेश्वरी साहू मौजूद थे।

## हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में गणित, विज्ञान क्लब गठित




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में गणित, विज्ञान क्लब का गठन किया गया। पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। शाला के गणित विषय के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने बताया कि गणित व विज्ञान क्लब का गठन किया गया है। गणित एवं विज्ञान क्लब अध्यक्ष कुमारी गुंजा, उपाध्यक्ष डिम्पल, सचिव रिलेश, कोषाध्यक्ष सुमन, मीडिया प्रभारी रुपाली , सलाहकार कुलदीप, संरक्षक डेविड, सहसचिव लीनिमा चुने गए। इस क्लब को गठित करने का उद्देश्य गणित व विज्ञान विषय में रुचि उत्पन्न करना, विषय से संबंधित भ्रांतियों और भय को दूर करना, दैनिक जीवन में इन विषयों का उपयोग करना, सामाजिक कुरीतियों को दूर करना, विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा हेतु तैयार करना है। चुने हुए सभी पदाधिकारियों को डॉ आशीष नायक द्वारा शपथ दिलाई गई।

पदाधिकारियों को विज्ञान विषय प्रभारी चुम्मन साहू ने तिलक एवं बैच लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव, कमलेश कुमार निषाद, भावना रामटेके समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कृष्ण जन्मोत्सव पर होंगे विविध कार्यक्रम



■ पर्व की तैयारी को लेकर नगर इकाई कोसरिया यादव समाज की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर राधाकृष्ण सजाओ, मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। पर्व की तैयारी को लेकर नगर इकाई कोसरिया यादव समाज की बैठक हुई। आमातालाब के पास स्थित सर्व यादव समाज में हुई नगर इकाई धमतरी की बैठक में सर्वप्रथम भगवान राधाकृष्ण की आरती की गई। विभिन्न सामाजिक बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

इसके बाद 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाने के संबंध में चर्चा हुई। जन्माष्टमी पर्व सर्व यादव समाज परिसर में अयोजित होगा। समाज के बच्चों के लिए कृष्णा सजाओ, बड़ों के लिए मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिता रखी गई है।

बैठक में रामेश्वर यादव, नरेन्द्र यादव, राजू यादव, हेमन्त यादव, हीरा यादव, चुनेश्वर यादव, भरत यादव, रामरतन यादव, सुकलाल यादव, यशवन्त यादव, परदेशीराम यादव, लता यादव, गौरी यादव, राधिका यादव, केशर यादव, पुष्पा यादव, गंगू यादव, कुसुम यादव, जोहत यादव, संतोषी यादव, बुधंतीन यादव, गोदावरी यादव, रोहिणी यादव, मीलो यादव, अहिल्या यादव उपस्थित थे।

## संसार की परिस्थितियों को बदलना हमारे हाथ में नहीं है : प्रशम सागर मसा

■ जैन मंदिर में मुनियों का प्रवचन सुनने समाजजनों की भीड़ उमड़ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



चातुर्मास पर जैन मंदिर में मुनियों का प्रवचन सुनने समाजजनों की भीड़ उमड़ रही है। प्रशम सागर मसा साहेब ने कहा कि मानव जीवन बहुत ही अनमोल है। बड़े पुण्योदय से प्राप्त होता है। इस जीवन को सफल बना लो ऐसा सुअवसर मिला है। अगर यह समय बीत गया तो आत्मविकास का अवसर पुनः कब मिलेगा पता नहीं। हमारा यह जीवन राग द्वेष की परिणीति में बीत रहा है। अब अपने अंदर के अवगुणों को जानकर स्वयं उसे बाहर करने का पुरुषार्थ करेंगे तब ही सच्चे सुख का अनुभव अपने भीतर होगा। जो अपने शरीर के स्थान पर मन को रमाने का परमात्मा को रिझाने का प्रयास करता है, उसका उद्धार निश्चित है।

परमात्मा कहते हैं कि जैसा सुख मैने प्राप्त किया है वैसा ही सुख तू भी प्राप्त कर। संसार की परिस्थितियों को बदलना हमारे हाथ में नहीं है किंतु उसे स्वीकार कर लेना हमारे हाथ में है। परिस्थिति को स्वीकार करने वाला ही सुखी हो सकता है। परिस्थिति को स्वीकार न कर पाने वाला अंत में अपना ही जीवन समाप्त कर लेता है। प्रतिकूल परिस्थिति से भागना उससे बचने का मार्ग नहीं है। परिस्थितियों को सहन न करने के कारण शरीर और मन दोनों कमजोर होता है। आज हमारे पास संपत्ति और साधन अधिक है लेकिन सुख कम होते जा रहा है। स्वीकार भाव ही जीवन में आनंद और शांति लाता है। परिस्थिति अर्थात दूसरों की स्थिति जिससे हम प्रभावित होते है।

उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार एक कठपुतली को नचाने वाला कोई और होता है, उसी प्रकार अनुकूल या प्रतिकूल परिस्थिति जो जीवन में आती है उसका कारण कर्म है। कर्मों के उदय के अनुसार जीवन में परिस्थितियां बदलते रहती है। ज्ञानी कहते हैं कि परिस्थिति बहते हुए पानी के समान है। परिस्थिति को बहने देना चाहिए। परिस्थिति के साथ हमें नहीं बहना चाहिए। स्वीकार भाव हर परिस्थिति में जीना सीखा देती है। जीवन में आदर्श उन्हें बनाना चाहिए जो हर परिस्थिति में सुख से जीना सीख गए।



## खबर संक्षेप

### महिला मोर्चा पुलिस जवानों के लिए 28 को भेजेगी रक्षा सूत्र

**धमतरी।** इस वर्ष भी भाजपा जिला महिला मोर्चा द्वारा नक्सली क्षेत्र में तैनात वीर जवानों को रक्षा सूत्र भेजेगा जायेगा। महिला मोर्चा लगभग 21 वर्षों से नक्सली क्षेत्र में तैनात जवानों को राखी भेज रही है। यह रक्षा सूत्र उस एरिया में जाता है, जहां जवान नक्सलियों से लोहा ले रहे हैं। एसपी के माध्यम से जवानों को रक्षा सूत्र भेजा जाता है। इस साल भी 28 जुलाई को नक्सली क्षेत्र में तैनात जवानों को रक्षा सूत्र भेजा जायेगा। प्रतीकात्मक रूप से एसपी साहब को रक्षा सूत्र बांधेंगे। महिला मोर्चा ने पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ से जुड़ी महिलाओं से 28 जुलाई को प्रातः 11 बजे एसपी कार्यालय में उपस्थित होने की अपील की है।

### सार्वजनिक शौचालय में फंदे पर झूलते मिला नपं का सफाईकर्मी

**नगरी।** नगर के सार्वजनिक शौचालय में नगर पंचायत का सफाईकर्मी फंदे पर झूलते मिला। सुबह बजरंग चौक स्थित सुलभ शौचालय में लोग पहुंचे, तब उन्होंने देखा कि एक युवक का शव फंदे में लटका हुआ है। उन्होंने इसकी जानकारी नगर पंचायत को दी। नगर पंचायत के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पार्षदगण और नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी घटनास्थल पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस थाना नगरी को दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीएम के बाद परिवारवालों को शव सौंप दिया गया। मृतक की पहचान रमेश उर्फ बंटा पिता अजब गौर वार्ड नंबर 12 नगरी निवासी के रूप में की गई। वह नगर पंचायत नगरी में सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत था। फिलहाल युवक की मृत्यु किन कारणों से हुई है, यह जांच का विषय है।

### मिट्टी का शिवलिंग बनाकर दूध, जल, दही, शहद से किया अभिषेक

# सावन शिवरात्रि पर घर-घर हुई पार्थिव शिवलिंग की पूजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सावन शिवरात्रि पर अंचल में घर-घर पार्थिव शिवलिंग की पूजा हुई। भक्तों ने मिट्टी का शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से पूजा की। मान्यता है कि इस दिन पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

शिवभक्त कुलेश्वर साहू, लीना साहू, रूपाली, साहू, सोनाली साहू, दिव्यांश, सरस्वती, चन्द्रप्रकाश, राधारानी, रोहन, बिसाहिन बाई आदि ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा वे हर साल सावन शिवरात्रि पर करते हैं। सुबह से व्रत का संकल्प लेकर मंदिर में शिवलिंग व भगवान शिव की आराधना की। इसके बाद निर्जला व्रत रखकर शिव महिमा, शिवकथा, शिव चालीसा का पाठ किया। शाम को मिट्टी से शिवलिंग बनाकर एक घंटे तक दूध, जल, दही, शहद, छांछ आदि से अभिषेक किया। बेलपत्र, फूल, दूध, मिठाई, मौसमी फल अर्पित कर आरती की। शिवलिंग पूजा से पहले सभी देवी देवताओं का आव्हान हुआ। पूजा के बाद विसर्जन हुआ। तत्पश्चात सपरिवार ने आहार ग्रहण किया।

पं. सूरज तिवारी, पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि सावन माह की शिवरात्रि में पार्थिव शिवलिंग के अभिषेक व पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन मिट्टी के शिवलिंग की पूजा होती है। पूजा के बाद विसर्जन आवश्यक है। पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से धनधान्य, आरोग्य, संतान की प्राप्ति होती है। शारीरिक, मानसिक क्लेश से मुक्ति मिलती है।

#### पं. प्रदीप मिश्रा ने कराई ऑनलाइन पूजा

बुधवार को शाम 7 बजे से 8 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने टीवी, मोबाइल के माध्यम से भक्तों को पार्थिव शिवलिंग की पूजा करवाई, जिसमें भक्तों ने हिस्सा लिया। भक्तों के अनुसार श्री मिश्रा ने 1 लोटा जल, गेंहू 21 दाने, 5 कमल गट्टे, चावल के 108 दाने, काली मिर्च के 21 दाने, काला तिल, धतूरा 1 नग, बेलपत्र 7 नग, शमी पत्र 7 नग, फूल एवं 7 गुलाब के पुष्प, दूध, दही, शहद, घी, शक्कर, इत्र, गंगाजल, चंदन, 3 गोल सुपारी, रोली, पीला चंदन, चावल, मौली, कपूर, देशी घी के दो दीपक, 2 जनेउ, लौंग इलायची, पान का पत्ता, हल्दी, अबीर, गुलाल, मेहंदी, फल 5 नग, मिठाई, धूपबत्ती आदि से ऑनलाइन पूजा करवाई। इसके लिए उन्होंने एक दिन पूर्व तैयारी करने कहा था। बुधवार को 7 बजे से पूजा करवाई जो एक घंटे तक चली।

### निधन : पुष्पसेन लाल साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम चटौद निवासी रिटायर्ड शिक्षक व पेंशनर संघ कुरूद के वरिष्ठ सदस्य पुष्पसेन लाल साहू उम्र 76 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका व्ही. वाय हॉस्पिटल रायपुर में इलाज चल रहा था। मंगलवार की रात्रि निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे लक्ष्मीनारायण साहू, हरेंद्र, राजू साहू, सुमन साहू के पिताजी और विकास, आदित्य, कंचन, लीना के दादाजी व श्याम कुमार साहू, दलवीर साहू, उमाशंकर साहू, कुंजलाल साहू, धनराज साहू के भाई तथा डोमार सिंह साहू ग्राम पटेल, हुलासराम साहू, रामगोपाल साहू, हेमंत, दिनेश के जीजाजी, गेनेंद्र के फूफाजी थे। बुधवार को उनकी अंतिम यात्रा 12 बजे निवास स्थान से निकली। अंतिम संस्कार ग्राम चटौद के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि देने परिवार के सदस्य के साथ ग्राम और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### निखिलेश्वर पारद शिवलिंग का हुआ अभिषेक



**धमतरी।** ग्राम पीपरछेड़ी में सिद्धाश्रम साधक परिवार द्वारा श्री निखिलेश्वर पारद शिवलिंग का अभिषेक किया गया। पीठ पूजन पश्चात रुद्राभिषेक एवं हवन हुआ। भजन संकीर्तन में लोग खूब झूमे। मौके पर आचार्य दिलीप मीनपाल, गुणवंत घाटगे, राकेश साहू, शंकर लाल, रोहित साहू, भुनेश्वर ध्रुव, लोकेश्वर, चोवाराम साहू, चंद्रकला साहू समेत अन्य उपस्थित थे। गुणवंत घाटगे ने बताया कि बिलासपुर में कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया है। यह जानकारी पवन चंदन ने दी।

# गोबर व बदबू से वार्डवासी परेशान शिकायत पर पहुंचे महापौर-आयुक्त

- गंदगी देखकर जब्ती बनाने के दिए निर्देश
- गोबर का पहाड़ हटवाकर चार गाय जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



रिसाईपारा पश्चिम के एक डेयरी संचालक से परेशान वार्डवासियों ने तत्काल कार्रवाई करने महापौर-आयुक्त से गुहार लगाई। लोगों की मांग पर बुधवार को महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति देखी। उनके साथ पार्षद मेघराज ठाकुर, पार्षद योगेश लाल, उपायुक्त पीसी सार्वा, स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा भी थे।

वार्ड में गोबर का पहाड़ देखकर महापौर, आयुक्त आश्चर्यचकित रह गए। गायें बाहर बंधी हुई थीं। गोबर का रिसाव नालियों में जा रहा था। बदबू इतनी थी कि सांस लेना मुश्किल हो रहा था। उन्हें एहसास हुआ कि वाकई डेयरी संचालकों से नागरिक परेशान हैं। गोबर के कारण 3-4 फीट गहरी नालियां अटी पड़ी थी। पानी का फ्लो रूक गया था। चारों ओर गोबर की बदबू और गंदगी नजर आ रही थी।

महापौर-आयुक्त ने तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। आदेश मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई की। स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा ने बताया कि वार्डवासियों की शिकायत पर महापौर-आयुक्त मौके पर पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान वार्ड में गंदगी, बदबू पाई गई। गोबर के ढेर से बारिश का पानी का रिसाव हो रहा था। बदबूदार पानी सड़क और नाली में जाकर जाम कर रहा था। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चार गाय को जब्त किया गया। मवेशी मालिक से फाइन ली जाएगी। चेतावनी दी गई कि गोबर की गंदगी सड़क पर न फैलाएं, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नागरिकों ने बताया कि डेयरी के कारण रिसाईपारा पश्चिम पूर्व के निवासी खासे परेशान हैं। पूरे वार्ड में गोबर की बदबू, मलमूत्र की गंदगी से जीना हराम कर दिया है। बारिश में सीसी रोड पर दलदल जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। नाली जाम होने से पानी का बहाव रूक जाता है। गंदगी और बदबू से परेशान लोगों ने महापौर-आयुक्त को तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया था, जिस पर उन्होंने वार्ड पहुंचकर जायजा लिया और कार्रवाई की है। डेयरियों को शहर से बाहर करने की जरूरत है।

# गंगरेल बांध में नीलगाय की लाश मिली, डूबने से मौत की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बुधवार को गंगरेल जलाशय में नीलगाय की तैरती हुई लाश मिली है। वन विभाग ने नीलगाय के पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया।

सुबह गंगरेल बांध में एक जानवर की लाश की मिलने की सूचना वन विभाग को मिली। मौके पर पहुंचे डिप्टीरेंजर राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि सुबह 7.30 बजे सूचना मिली कि एक जानवर की लाश गंगरेल बांध में उफली हुई है। नाव से लाश के पास पहुंचने पर देखा कि वह नीलगाय थी। लाश को नाव से बाहर निकाला गया। पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि शव नर नीलगाय का है। उम्र लगभग पांच वर्ष की है। प्रथम दृष्टया डूबने से मौत हो सकती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी सही जानकारी मिल पाएगी। आशंका है कि सिलतरा की ओर नकटी देऊर मंदिर क्षेत्र में कुत्तों के दौड़ाने से गाय बांध में आ गई होगी और डूबने से उसकी मौत हो सकती है। शरीर में किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं है।

# समर्थकों ने कांग्रेस नेता नीलम का मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- प्रिंट, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से मिली शुभकामनाएं



कुरूद विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर कांग्रेस नेता, पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर का जन्मदिन समर्थकों ने उत्साहपूर्वक मनाया। इस दिन समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने प्रिंट, सोशल मीडिया के अलावा श्री चंद्राकर से प्रत्यक्ष मुलाकात कर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

बुधवार को जिपं सदस्य श्री चंद्राकर का जन्मदिन मनाया गया। सुबह से कार्यकर्ताओं, क्षेत्र के किसान, युवा, महिला, वरिष्ठजनों ने नीलम से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात उनके धमतरी रोड ट्रेक्टर शोरूम में एक सादा समारोह आयोजित कर केक काटकर उनका जन्मदिन सेलिब्रेट किया गया। बधाई देने वालों में प्रदेश कांग्रेस सचिव तारिणी चंद्राकर ,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रमेशर साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, ब्लाक महामंत्री चन्द्रप्रकाश देवांगन, महिम शुक्ला, पप्पू राजपूत, भानु बैस, कामराय साहू, रिजवान रिजवी, लेखराम साहू, पंकज जोशी, गोपीकिशन साहू, बिसौहा साहू, डोमार साहू, मुकेश साहू, मनीष चन्द्राकर, हेमंत नवरंगे, टीकाराम ध्रुव, कमलेश्वरी ध्रुव, छन्नू यादव, सौरभ पाल, होमेन्द्र साहू, अशोक साहू, मोहेन्द्र साहू, मित्रभान साहू, पुष्पेंद्र,शंकर साहू, युवराज, मोंटू चंद्राकार, अभिषेक ठाकुर, हरीश साहू, संध्या साहू, सिम्मी, आनेश्वरी के अलावा कुरूद विधानसभा के कांग्रेसजन शामिल हैं।

# व्यापारी सेवा शिविर में ग्यारह लाख रुपए के सिक्के बांटे गए



- 479 व्यापारियों ने लिया शिविर का लाभ, एचएसआरपी सेवा अब दो दिन और मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा व्यापारी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में व्यापारियों को विभिन्न सरकारी एवं व्यापारिक सेवाएं एक ही छत के नीचे प्रदान की गईं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और चैंबर की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उनके साथ नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल एवं डिप्टी कमिश्नर श्री सार्वा भी थे। महापौर जगदीश रोहरा ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने चैंबर की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारियों को हरसंभव सुविधा देने में नगर निगम सदैव साथ रहेगा। शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से 11 लाख मूल्य के सिक्कों का वितरण किया गया। एचएसआरपी नंबर प्लेट हेतु 95 रजिस्ट्रेशन पूर्ण, 70 लोगों के दस्तावेज अधूरे, 63 व्यापारियों ने ट्रेड लाइसेंस हेतु आवेदन दिए। 55 फूड लाइसेंस जारी किए गए।

शिविर में 479 व्यापारियों ने भाग लिया। शिविर में कैलाश कुकरेजा, राजा रोहरा, आलोक पांडेय, नरेंद्र रोहरा, प्रमोद पाण्डेय, रविन्द्र सिंह छाबड़ा, महेश चावला, रमेश दीवानी, भूपेश अंबानी, पंकज शर्मा, कन्नू कामरानी, सुरेश वर्ल्यानी, सिंधी समाज अध्यक्ष चन्द्रलाल जसवानी, अशोक डुबानी, महेश रामरखयानी, अमित अग्रवाल, अनिल साहू, राजा वाधवानी, ललित मानिक, मितेश जैन, राहुल दुग्गड़, मोहित जैन का सहयोग रहा। इस दौरान बताया गया कि आरटीओ विभाग द्वारा व्यापारी हित में निर्णय लेते हुए एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए यह सुविधा 24 एवं 25 जुलाई को पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी धर्मशाला आमापारा में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक दी जाएगी।

### कर्णेश्वर महादेव में किया जल अर्पित

**नगरी।** बोलबम सेवा समिति भीतररास सिहावा के सदस्यों ने सिहावा महानदी उद्गम से जल लेकर महानदी गणेश घाट होते हुए कर्णेश्वर महादेव, कोटेश्वर महादेव में जल अर्पित किया। मौके पर इंद्रेश घाटे, सोमन मरकाम, संजु ध्रुव, भूपेश कश्यप, बीरेन्द्र शांडिल्य, निलेश बिसेन, गप्पू शांडिल्य, गुलशन शांडिल्य, यादव सहित अनेक शिवभक्त मौजूद थे।

# खेत हमारी अस्मिता है फोटोशूट की जगह नहीं



- एनएसयूआई ने मंत्री राजवाड़े द्वारा कुर्सी में बैठकर रोपा लगाने के दिखावटी प्रचार के खिलाफ किया वैसा ही प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

डीएपी खाद की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने अपने साथियों के साथ खेत में उतरकर कुर्सी रखकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। एनएसयूआई ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा कुर्सी में बैठकर रोपा लगाने के दिखावटी प्रचार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

राजा देवांगन ने कहा कि धान का खेत हमारी अस्मिता है, फोटोशूट की जगह नहीं। कुर्सी में बैठकर रोपा लगाना किसानों के खून-पसीने का अपमान है। किसान डीएपी खाद की किल्लत से बेहाल हैं। प्रदर्शन के दौरान जब राजा देवांगन व उनके साथी खेत में पहुंचे, वहां काम कर रहीं महिला किसानों ने खुलकर बताया कि अब तक उन्हें डीएपी खाद नहीं मिली है। गांव-गांव में व्यापारी कालाबाजारी कर रहे हैं और खाद ब्लैक में बेची जा रही है। प्रशासन और सरकार मूकदर्शक बने हुए है। कृषि का मौसम निकल रहा है, लेकिन खाद की कमी और सरकार की चुप्पी ने किसानों को गहरा नुकसान पहुंचाया है। एनएसयूआई ने कहा कि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किसानों की आस्था से खिलवाड़ किया है। उन्हें किसानों से सार्वजनिक माफ़ी मांगनी चाहिए। डीएपी खाद की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी में शामिल दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई हो।

इस दौरान पारसमणि साहू, पोटियाडीह उपसरपंच राजीवगिरी गोस्वामी, प्रशांत शर्मा, तेजप्रताप साहू, उमेश साहू, गजेंद्र साहू, सुनील सिन्हा, सुदीप सिन्हा, हार्दिक साहू, समीर मानिकपुरी, माही साहू, पुणेश हिरवानी उपस्थित थे।

# आज मनेगी हरेली : किसान मवेशियों को खिलाएंगे जड़ी बूटी, बच्चे चढ़ेंगे गेड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- रसोईघर में देशी पकवानों की खुशबू उड़ेगी



छत्तीसगढ़ का पारम्परिक त्योहार हरेली गुरुवार को मनाया जाएगा। ग्रामीण अंचल में किसान खेती किसानी से जुड़े औजारों की पूजा करेंगे। पालतू मवेशी को गुड़ को लोंदी में मिलाकर जड़ी बूटी खिलाएंगे, ताकि वे सालभर स्वस्थ रहे। बच्चे गेड़ी का आनंद लेंगे। घरों में देशी पकवान ठेठरी, खुरमी, बड़ा, सोहारी, खीर, फरा, चीला बनेगा। पारम्परिक खेलों की प्रतियोगिता होगी। खो-खो, कबड्डी, कुश्ती के दांवपेंच देखने को मिलेंगे।

गांव के बुजुर्ग श्रीराम बैगा, संतुराम आदि का कहना है कि हरेली सार्वजनिक समरसता का त्योहार है। गांव में हर व्यक्ति मिल जुलकर यह पर्व मनाते हैं। आनंद के साथ एकता प्रदर्शित होती है। खेतों और घरों में नीम के पत्ते की टहनियां लगाई जाएंगी, ताकि घर-परिवार, खेत-खलिहान निरोग रहे। यह त्योहार परम्पराओं की ओर लौटने का निमंत्रण देता है। पर्यावरण चेतना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी इस दिन सभी को एक पेड़ मां के नाम लगाने का आग्रह किया है, ताकि हरेली के दिन से ही हरित क्रांति का संकल्प हो सके।

# पूर्व सैनिक मनायेंगे कारगिल विजय दिवस

**धमतरी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा 26 जुलाई शनिवार को दोपहर 2 बजे कारगिल उद्यान दानीटोला रोड धमतरी में 1999 के कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देने और कारगिल युद्ध की विजय की खुशी में कारगिल विजय दिवस मनाया जायेगा। परिषद के जिला अध्यक्ष केपी साहू ने जिले के नागरिकों से कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेश्वर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876










तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज